हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 25 जुलाई 2026

11 गांव जेवली के मुख्य मार्ग पर भरा बरसाती पानी …



12 प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के विरोध में शांतिपूर्ण…









## खबर संक्षेप

### ट्रेन के नीचे आने से युवक की मौत

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के वार्ड 15 के रहने वाले युवक की रेलगाड़ी के नीचे आने से मौत हो गई। वार्ड 16 पार्षद प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि 16 वर्षीय देव पुत्र कर्मबीर रोजाना साइकिल पर खेल मैदान में व्यायाम के लिए जाता था। शुक्रवार को वह अकेला पैदल चला गया। ट्रेक पर चलने व पीछे से हिसार-दिल्ली रेलगाड़ी के आने से उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई। जिसे बवानीखेड़ा नागरिक अस्पताल लाया गया जहां से उसे भिवानी रेफर कर दिया गया। भिवानी निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह कल, दलाल होंगे मुख्यातिथि

**लोहारू।** प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा 26 जुलाई को अनाज मंडी परिसर में आयोजित किए जाने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री जेपी दलाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। संस्थापक मा. पवन स्वामी, डॉ उमेद जांगिड़, प्रधान महेंद्र कथूरिया ने बताया कि उनके संगठन द्वारा पिछले 10 वर्षो से केवल राजकीय विद्यालय में पढक़र वरियता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में यह कार्य आयोजित किया जाता रहा है।

### आभूषण चोरी मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**चरखी दादरी।** गांधी नगर निवासी महिला के घर से सोने-चांदी के आभूषण ले जाने के मामले में दादरी पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। महिला की शिकायत के अनुसार, उसकी अनुपस्थिति में आरोपित विनित और दीक्षांत उर्फ घोंचू ने उसके बेटे पवन को हरिद्वार घुमाने का लालच देकर यात्रा के लिए पैसे लाने को कहा। इस पर पवन ने घर में रखे आभूषण उन्हें दे दिए। जांच के दौरान दोनों आरोपितों ने आभूषण बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने विनित से दो हजार और दीक्षांत से चार हजार रुपये बरामद किए। दोनों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अमेरिका, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के साथ व्यापार समझौतों को रद्द करने की मांग

# संयुक्त किसान मोर्चा ने सांसद के कैंप ऑफिस का किया घेराव

*नहरों में 42 दिनों में एक सप्ताह पानी आपूर्ति बहाल करने व ट्यूबवेल कनेक्शन देने की उठाई मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में शुक्रवार को किसानों ने चौधरी छोटूराम चौक पर विरोध प्रदर्शन करते हुए सांसद धर्मबीर सिंह के कैंप कार्यालय का घेराव किया। सांसद की अनुपस्थिति में मोर्चा के प्रतिनिधियों ने उनके पुत्र मोहित चौधरी को ज्ञापन सौंपकर अमेरिका, यूरोपियन यूनियन, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के साथ किए जा रहे कथित गैर-बराबरी वाले मुक्त व्यापार समझौतों को रद्द करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और छोटूराम चौक से महम रोड होते हुए जुलूस निकालकर कैंप कार्यालय पहुंचे।



भिवानी। किसान मोर्चा के विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते किसान नेता। फोटो : हरिभूमि

चौधरी छोटूराम चौक पर आयोजित सभा की अध्यक्षता किसान सभा के रामफल देशवाल, एआईकेकेएमएस के रोहताश सैनी, किसान मजदूर यूनियन के राजकुमार हड़ोदी तथा स्वराज किसान मोर्चा के युद्धवीर खरेटा ने संयुक्त रूप से की। किसान सभा के राज्य महासचिव सुमित दलाल, जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, रोहताश सैनी आदि ने कहा कि भारत सरकार जिन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रही है, वहां बड़े किसानों और दुग्ध उत्पादकों को भारी सरकारी सब्सिडी मिलती है। भारत में अधिकांश किसान छोटे और सीमांत हैं, जो सीमित संसाधनों के साथ खेती करते हैं। ऐसे में वे आयातित कृषि उत्पादों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे।

#### स्मार्ट मीटर योजना रद्द करने की मांग

किसान संगठनों ने छात्र आंदोलन को समर्थन देते हुए केंद्रीय शिक्षामन्त्री धर्मेन्द्र प्रधान को बर्खास्त करने, गिरफ्तार छात्रों को रिहा करने, पीड़ित परिवारों को न्यायोचित मुआवजा देने के साथ एनटीए भंग करने तथा भविष्य में स्वतन्त्र, निष्पक्ष व पारदर्शी परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने की मांग की। वहीं किसानों ने पर्याप्त मात्रा में उर्वरक आपूर्ति देने, नहरों में 42 दिनों में सप्ताह पानी आपूर्ति बहाल करने, बिजली टावरों का न्यायोचित मुआवजा देने, बकाया ट्यूबवेल कन्नेशन देने व बिजली निजिकरण व स्मार्ट मीटर योजना रद्द करने की मांग की। प्रदर्शन व सभा को सम्बोधित करने वालों में किसान नेता सुबेदार धनपत, कविता आर्य, कमल सिंह प्रधान, कर्णसिंह जैनावास, मास्टर उमराव सिंह आदि शामिल थे।



भिवानी। ओबरा चौक पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंकते किसान।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप व केंद्र की नीतियों का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

अखिल भारतीय किसान सभा की बहल तहसील इकाई के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में शुक्रवार को ओबरा गांव में जोरदार प्रदर्शन किया।

किसानों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व केंद्र सरकार के पुतले फूंककर अपना विरोध दर्ज करवाया। शुक्रवार को किसान ओबरा चौक पर एकत्रित हुए। किसानों ने कहा कि व्यापारिक समझौते देश के किसानों के हितों के विपरीत हैं। किसान सभा नेताओं ने सरकार से ऐसे किसी भी समझौते से पहले किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। किसानों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन में सूबेदार धनपत सिंह, मीर सिंह ओबरा, राम सिंह ओबरा, महीपाल बिधनोई, सतबीर ओबरा, विजय ओबरा, श्रीचंद ओबरा, बलवान बैराण, मनफूल ओबरा, मंदरूप यादव नूनसर, अजीत गोपाल, दलबीर चहड़ कलां आदि मौजूद रहे।



भिवानी। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए चारों आरोपित व बरामद गांजा।

## चरखी दादरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 6 किलो 900 ग्राम गांजा सहित चार तस्कर गिरफ्तार

**चरखी दादरी।** जिले में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए शाखा टीम ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए 6 किलो 900 ग्राम गांजा सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से बोलेरो गाड़ी भी बरामद की है, जिसका उपयोग नशीले पदार्थ की तस्करी में किया जा रहा था। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि वीरवार को सीआईए स्टाफ में तैनात एएसआई विशाल की टीम महेंद्रगढ़ चौक क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान टीम को सूचना मिली कि सौरभ निवासी लावण, कर्मबीर, प्रमोद तथा अभिषेक निवासी मालड़ा बास जिला महेन्द्रगढ़ बोलेरो गाड़ी में भिवानी की ओर से गांजा लेकर महेंद्रगढ़ की तरफ जाने वाले हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत महेंद्रगढ़ चौक पर नाकाबंदी कर दी। कुछ समय बाद जब बोलेरो गाड़ी आती दिखाई दी जिसको टीम द्वारा रोककर उसमें सवार चारों व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान चारों ने अपनी पहचान कर्मबीर, प्रमोद तथा अभिषेक निवासी मालड़ा बास व सौरभ निवासी लावण बताई। नशीला पदार्थ होने की आशंका पर राजपत्रित अधिकारी डीएसपी दादरी साहिल ढिल्लो की मौजूदगी में चारों युवक और बोलेरो की नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बोलेरो की आगे वाली सीट के पास रखी पॉलिथीन से 6 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने बोलेरो व बरामद गांजे को नियमानुसार सील कर कब्जे में लिया और दादरी सिटी थाने में आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज कर चारों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। चारों आरोपितों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया। आरोपित कर्मबीर को पूछताछ के लिए सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**बोलेरो गाड़ी में सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा था गांजा, चारों आरोपित मिलकर करते थे तस्करी**

## डायल-112 पर झूठी कॉल करने वाले चार लोगों पर कार्रवाई, न्यायालय भेजे कलंदरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी जिला पुलिस ने डायल-112 पर छीना-झपटी, हत्या के प्रयास और लूट जैसे गंभीर अपराधों की मनगढ़ंत व झूठी सूचना देकर सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने वाले चार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने थाना बाढड़ा क्षेत्र के तीन तथा थाना सदर दादरी क्षेत्र के एक कॉलर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के तहत कलंदरे तैयार कर जुलाई माह में न्यायालय में भेज दिए हैं। झूठी सूचनाओं के कारण पुलिस का बहुमूल्य समय और संसाधन अनावश्यक रूप से व्यर्थ होते हैं, जिससे वास्तविक जरूरतमंद लोगों तक समय पर सहायता पहुंचाने में बाधा आ सकती है।

#### कानून का भय पैदा होगा

जिला पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से शरारती और शराब के नशे में झूठी सूचना देने वाले लोगों में कानून का भय पैदा होगा तथा सरकारी तंत्र के दुरुपयोग पर अंकुश लगेगा। पुलिस प्रतिदिन डायल-112 पर प्राप्त होने वाली सूचनाओं की विशेष निगरानी कर रही है। भविष्य में भी यदि कोई व्यक्ति मनगढ़ंत या झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ धारा 217 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि डायल-112 पर केवल सही और सत्यापित सूचना ही दें, ताकि आपात स्थिति में जरूरतमंद लोगों को समय पर पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सके और इस महत्वपूर्ण सेवा का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो।

## अवैध देशी पिस्टल के साथ युवक को किया गिरफ्तार



**चरखी दादरी।** दादरी पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार के निर्देशन में जिले में अपराध एवं अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्पेशल स्टाफ टीम ने एक युवक को अवैध देसी कट्टा (पिस्टल) के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान बलवान निवासी गांव रामबास, दादरी के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि वीरवार को स्पेशल स्टाफ की टीम हेड कांस्टेबल श्रीभगवान, सिपाही दीपक, सिपाही अनूप तथा चालक ईएएसआई राजेश रावलधी चौक के समीप गश्त कर रही थी। उसी दौरान टीम को सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार के साथ दादरी-रोहतक रोड पर रावलधी गांव के पास नहर पुल के समीप खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही टीम तुरंत सूचना के अनुसार बताए गए स्थान पर पहुंची।

#### आरोपित को रिमांड पर लिया

टीम को देख एक युवक वहां से तेजी से जाने लगा, जिसे शक के आधार पर टीम ने काबू किया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान बलवान निवासी रामबास जिला चरखी दादरी के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्टल बरामद हुआ। उससे हथियार का लाइसेंस मांगा गया लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपित को शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।



भिवानी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंडन मिश्रा को लाला देशबंधु सम्मान प्रदान करते हुए साथ में कैबिनेट मंत्री अरविन्द शर्मा|

## सीएम ने मंडन मिश्र को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव कुगड़ निवासी महान हिंदी साहित्यकार पंडित माधव प्रसाद मिश्र के पड़पौत्र मंडन मिश्र को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी ने साहित्यिक पत्रकारिता के लिए लाला देशबंधु गुप्त सम्मान से नवाजा है।

रोहतक की दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफोर्मिंग एंड विसुअल आर्ट्स में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री और हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने उक्त सम्मान प्रदान किया।

#### नि:शुल्क यात्रा पास मिला

मुख्यमंत्री सैनी ने मंडन मिश्र को सम्मान के रूप में दो लाख पचास हजार रुपये, शॉल, ताम्रपत्र और प्रशस्तिपत्र के साथ-साथ हरियाणा राज्य की बसों में आजीवन नि:शुल्क यात्रा पास प्रदान की। मंडन मिश्रा साहित्यकार परिवार से संबंध रखते हैं। इनके पड़दादा माधव प्रसाद मिश्र के नाम से हरियाणा साहित्य अकादमी हर वर्ष साहित्यकारों को सम्मान भी देती है। इनके पिता रमेश मिश्रा भी वरिष्ठ साहित्यकार व संस्कृत के विद्वान है। यह पत्रकारिता परिवार से भी संबंध रखते हैं और पत्रकारिता में अब इनकी तीसरी पीढ़ी कार्य कर रही है।

### पानी का प्रेशर कम होने के कारण स्कूल में चार दिन से नहीं आ रही सप्लाई, टंकी खाली

# ढाणी यादव के स्कूल में पेयजल संकट, छात्र-शिक्षक परेशान

*मजबूरीवश टैंकर से खरीदकर भरवाना पड़ रहा पानी, गर्मी के मौसम में बनी गंभीर समस्या*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा के ढाणी यादव स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में पिछले चार दिनों से पेयजल संकट बना हुआ है।

स्कूल प्रशासन के अनुसार विद्यालय में पानी की आपूर्ति बेहद धीमी होने के कारण पानी टंकी तक नहीं पहुंच पा रहा, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और अपनी जेब से पानी के टैंकर मंगवाकर बच्चों की प्यास बुझानी पड़ रही है व रसोई में मिड-डे-मील की व्यवस्था की जा रही है। विद्यालय इंचार्ज दयावंती ने अधिकारी को भेजे पत्र में बताया कि संबंधित विभाग की ओर से दो पानी के कनेक्शन उपलब्ध करवाए गए हैं, लेकिन पानी का प्रेशर इतना कम है कि स्कूल की टंकी तक पानी नहीं पहुंच पाता। उन्होंने बताया कि कई बार मोटर चलाने के बावजूद पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो रही है। पत्र में उल्लेख किया कि सोमवार सुबह करीब 5:45 बजे पानी आया, लेकिन उसकी गति इतनी धीमी थी कि टंकी नहीं भर सकी। स्कूल स्टाफ का कहना है कि पानी की समस्या के कारण बच्चों व स्टाफ को पीने के पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है तथा विद्यालय के दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। मुखिया की मानें तो संबंधित विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्कूल में दो कनेक्शन किए जा चुके हैं और समस्या के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं विद्यालय प्रशासन का आग्रह है कि स्कूल का कनेक्शन मुख्य लाइन से जोड़ा जाए, ताकि नियमित और पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके। गर्मी के मौसम में पेयजल संकट बच्चों के स्वास्थ्य पर भी असर डाल सकता है, ऐसे में अभिभावकों और ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तत्काल प्रभाव से ठोस निर्णय लेकर समस्या का स्थायी समाधान करे, ताकि विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके और पढ़ाई का माहौल प्रभावित न हो। वहीं इस संबंध में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ट अभियंता सचिन कौशिक ने बताया कि कुछ लीकेज को दुरूस्त करवाया जा रहा है। विद्यालय में पानी की व्यवस्था दुरूस्त करवा दी जाएगी।



भिवानी। टैंकर से पानी खरीदकर विद्यालय की टंकी में डलवाते शिक्षक।

### स्टेट टॉपर दिव्यांशी को हवाई भ्रमण व दो लाख के चैक से करेंगे पुरस्कृत: बंगालिया

**तोशाम।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैरू की होनहार छात्रा दिव्यांशी पुत्री ऋषिराज कैरू को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा दसवीं में 500 में से 499 अंक प्राप्त कर राज्यभर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गुरुवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के डॉ. राधाकृष्णन सभागार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सम्मानित किया। दिव्यांशी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर स्कूल चेयरमैन ने दो लाख रुपये नगद पुरस्कार व नि:शुल्क शैक्षणिक हवाई भ्रमण यात्रा की घोषणा की और कहा कि स्कूल का लक्ष्य सिर्फ अंक दिलाना ही नहीं बल्कि बच्चों को संस्कार व आत्मविश्वास देना है। दिव्यांशी की सफलता स्कूल की शिक्षा प्रणाली की जीत है। स्कूल चेयरमैन ने भविष्य में भी होनहार विद्यार्थियों को इसी तरह प्रोत्साहित करने का संकल्प दोहराया।



तोशाम। दिव्यांशी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज एवं दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में किया प्रदर्शन

# प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पीपल ऑफ भिवानी के बैनर तले हुडा पार्क में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों एवं जागरूक नागरिकों ने एकत्र होकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर हुए लाठीचार्ज एवं दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के उपरांत सभी प्रतिभागियों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर अपना विरोध दर्ज करवाया तथा शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि पीपल ऑफ भिवानी किसी भी राजनीतिक दल या राजनीतिक एजेंडे से जुड़ा संगठन नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह भिवानी के उन युवाओं की एक पहल है, जो इस मुद्दे पर चल रहे विभिन्न राजनीतिक संगठनों के विरोध प्रदर्शनों का हिस्सा नहीं बनना चाहते। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही, निष्पक्ष परीक्षाएँ तथा युवाओं के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जलवायु कार्यकर्ता लोकेश तथा विशाल सैनी ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। जलवायु कार्यकर्ता लोकेश भिवानी तथा विशाल सैनी ने कहा"हम दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर हुए दमन की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। शांतिपूर्ण विरोध लोकतंत्र की आत्मा है और उसका सम्मान किया जाना चाहिए। हमारी लड़ाई किसी राजनीतिक दल के पक्ष या विपक्ष की नहीं, बल्कि देश के विद्यार्थियों के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही स्थापित करने की है। कलाकार सोनू रोंझिया ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय को परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाया जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने लघु सचिवालय तक शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य रूप से मीनाक्षी, मोनू कश्यप ,आयुष नांगल, कविता सोलंकी , आयुष दहिया,राहुल भिवानी , मनजीत सांगवान, युवा कल्याण संगठन के कमल प्रधान, कामरेड ओमप्रकाश, अशोक मलिक, सुमित बराड़,सेठी धनाना आदि मौजूद रहे।


भिवानी। लाठीचार्ज के विरोध में शहर में प्रदर्शन करते विभिन्न संगठनों के सदस्य।


भिवानी। शहर में विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

## प्रधानमंत्री व केंद्रीय गृह मंत्री का इस्तीफा मांगा

**भिवानी।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज और छात्राओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार के विरोध में अब देश का कानून-पेशेवर वर्ग भी सडक़ों पर उतर आया है। भिवानी में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया और सीटीएम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में दिल्ली घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। इसके साथ ही अधिवक्ताओं ने देश में बार-बार हो रहे पेपर लीक पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने और इस रैकेट में संलिप्त सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई। इस अवसर पर अधिवक्ता रत्नलाल श्योराण, देवेंद्र सोढ़ी, पूर्व प्रधान प्रदीप बजाड़, पूर्व प्रधान सत्यजीत पिलानिया, दीपेश सारसर, मल्लिका श्योराण, ज्योति भारद्वाज व प्रिया लेघां आदि अधिवक्ताओं ने संबोधित किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि दिल्ली में छात्रों पर हुआ अत्याचार बेहद दुःखद है। अब सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से लेकर देशभर की जिला अदालतों के वकील छात्रों के समर्थन में आ चुके हैं। वे सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हैं कि देश के युवा और विद्यार्थी खुद को अकेला न समझें।

## सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पैदल रोष मार्च निकाला



**बाढ़ड़ा।** उपमंडल मुख्यालय पर छात्र, किसान, महिला, राजनैतिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने देश में पेपर लीक की बढ़ती घटनाओं से परेशान छात्र छात्राओं पर जंतर मंतर पर लाठीचार्ज कर गंभीर चोटे मारने व निर्दोष प्रदर्शनकारियों पर झूठा मामला दर्ज करने के विरोध में कस्बे के शहीद भगतसिंह स्मारक से लेकर मुख्य क्रांतिकारी चौक तक रोष प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दिल्ली के जंतर-मंतर पर परीक्षा अनिमियतता सबंधी मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को बाढ़ड़ा में विद्यार्थियों तथा विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उपमंडल अधिकारी एसडीएम के प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री एवं संबंधित अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा।

## लाठीचार्ज के विरोध में सीबीएलयू के छात्रों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**भिवानी।** दिल्ली जंतर-मंतर पर अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए पुलिस बल प्रयोग एवं लाठीचार्ज के विरोध में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का आक्रोश फूट पड़ा है। छात्र नेता प्रवीण बूरा की अगुवाई में छात्रों एवं युवाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय की कुलगुरु के माध्यम से राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए छात्रों ने दिल्ली में हुई बर्बरता की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए उच्च स्तरीय जांच और जिम्मेदारों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। छात्र नेता प्रवीण बूरा ने सरकार और पुलिस प्रशासन के रवैये पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लोकतंत्र में देश के प्रत्येक नागरिक और युवा को अपनी बात शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से रखने का पूरा अधिकार है। जब छात्र शिक्षा, भर्ती, परीक्षा, पेपर लीक और रोजगार जैसे गंभीर मुद्दों पर आवाज उठाते हैं, तो उनकी बात सुनना सरकार और प्रशासन का नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है।

## जंतर-मंतर पर युवाओं पर बर्बरता के खिलाफ फूटा इनेलो का गुस्सा



**भिवानी।** इनेलो शीर्ष नेताओं के निर्देशानुसार केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों और शिक्षा क्षेत्र में बढ़ रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ तीखा हमला बोला। जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर हुए बर्बर लाठीचार्ज और अमानवीय दमन के विरोध में इनेलो ने शुक्रवार को शहर में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजकर सरकार को आड़े हाथों लिया। इनेलो नेताओं ने आरोप लगाया है कि देश में सार्वजनिक संपत्तियों के साथ-साथ अब पवित्र शिक्षा प्रणाली को भी खुलेआम लूट का साधन बना दिया गया है। प्रदर्शन का नेतृत्व इनेलो पार्लियामैंट्री बोर्ड के चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री डा. वासुदेव शर्मा ने किया तथा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु व संचालन युवा जिला अध्यक्ष संदीप घणघस ने किया। ज्ञापन के माध्यम से इनेलो ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री व केंद्रीय शिक्षामंत्री का तत्काल इस्तीफा, पेपर लीक मामले में निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## नीट पेपर लीक व लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च



**भिवानी।** नीट परीक्षा में हुए पेपर लीक मामले और इसके विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करने के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। कांग्रेस के बवानीखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष अनिल नेहरा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और युवाओं ने सडक़ों पर उतरकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विशाल कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च बवानीखेड़ा स्थित गुलाब सिंह पार्क से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ नागरिक अस्पताल पहुंचकर संपन्न हुआ। हाथों में मोमबत्तियां और विरोध की पट्टियां लिए कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परीक्षार्थियों को न्याय देने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस बवानीखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष अनिल नेहरा ने कहा कि नीट पेपर लीक की वजह से देश का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है।

## युवाओं पर लाठीचार्ज करना निंदनीयः राजकुमार



**चरखी दादरी।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों और युवाओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में दादरी के किला मैदान में चल रहे धरने को सीटू ने समर्थन दिया। इस दौरान सीटू कार्यकर्ता सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में एकत्रित हुए और केंद्र सरकार व पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों-युवाओं के आंदोलन के प्रति एकजुटता जताई। सीटू जिला संयोजक राजकुमार घिकाड़ा, कमलेश भैरवी और आंगनवाड़ी जिला प्रधान सुनीता रामबास ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों और युवाओं पर लाठीचार्ज करना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार को युवाओं की आवाज दबाने के स्थान पर उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

## पूर्व सैनिकों ने किया छात्रों के धरने का समर्थन

**भिवानी।** पेपर लीक घोटाले की निष्पक्ष जांच और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों को अब देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले पूर्व सैनिकों का पूर्ण और पुरजोर समर्थन मिल गया है। वेटरन संगठन भिवानी के प्रधान सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल बामला के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों का एक जत्था दिल्ली स्थित जंतर-मंतर के लिए रवाना हुआ। पूर्व सैनिकों ने स्पष्ट कहा कि जब तक युवाओं को न्याय नहीं मिलता, वे पीछे नहीं हटने वाले। पूर्व सैनिकों के जत्थे में बलबीर सरोहा, शिव कुमार चांगिया, रवि सोलंकी भी साथ रहे।

## छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास



**चरखी दादरी।** जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ लाठीचार्ज के विरोध में इंडियन नेशनल लोकदल की छात्र इकाई आईएसओ और युवा इकाई ने शुक्रवार को दादरी में प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व आईएसओ जिला प्रभारी रविंद्र फौगाट और आईएसओ जिला अध्यक्ष अभिषेक फौगाट ने किया, जबकि अध्यक्षता इनेलो जिला अध्यक्ष सूबे सिंह अटेला ने की। पार्टी के प्रदेश, जिला, हलका, जोन और बूथ स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता रोज गार्डन में एकत्रित हुए और वहां से जिला उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भेजा। आईएसओ जिला अध्यक्ष अभिषेक फौगाट ने कहा कि जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुआ व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उनकी मांगों को सुनने के बजाय उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि इनेलो की छात्र इकाई छात्रों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर उनके साथ खड़ी रहेगी। आईएसओ जिला प्रभारी रविंद्र फौगाट ने कहा कि युवाओं और छात्रों के साथ अन्याय किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## जिला बार एसोसिएशन ने नो वर्क डे मनाकर जताया विरोध



**चरखी दादरी।** शिक्षा बचाओ आंदोलन के समर्थन एवं दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों और युवाओं पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन, चरखी दादरी ने नो वर्क डे मनाकर अपना विरोध दर्ज कराया। बार एसोसिएशन ने शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों और युवाओं की न्यायसंगत मांगों का समर्थन करते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की मांग की। इसी क्रम में शिक्षा बचाओ आंदोलन समिति, चरखी दादरी के नेतृत्व में शुक्रवार को किला मैदान स्थित धरना स्थल से भगवान परशुराम चौक तक विशाल जागरूकता मार्च निकाला गया। मार्च में छात्रों, युवाओं, अधिवक्ताओं, विभिन्न खाप पंचायतों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने भाग लिया। आंदोलनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर शिक्षा बचाओ के नारे लगाए।

# निरीक्षण के समय धुआं करने पर भी नहीं बजा अस्पताल का फायर अलार्म

- हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तृप्ति श्योराण ने एमसीएच का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तृप्ति श्योराण ने शुक्रवार को दादरी के सरदार झाडू सिंह चौक के समीप स्थित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) यूनिट का निरीक्षण किया। करीब एक घंटे तक चले निरीक्षण के दौरान अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पोषण व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान गंभीर तथ्य तब सामने आया जब फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच के दौरान धुआं किए जाने के बाद भी अस्पताल का ऑटोमैटिक फायर अलार्म सक्रिय नहीं हुआ और वाटर स्प्रिंकलर भी चालू नहीं हुए। फायर सेंसर और स्प्रिंकलर सिस्टम के परीक्षण में तकनीकी खामी सामने आने पर जिला परिषद के सीईओ डॉ. प्रदीप अहलावत ने मौके पर ही लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता से बात की, उन्होंने 15 दिन में शेष कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया। आयोग की अध्यक्ष तृप्ति श्योराण ने वार्डों में भर्ती महिलाओं से बातचीत कर अस्पताल में मिलने वाले भोजन और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।


आयोग अध्यक्ष तृप्ति श्योराण की मौजूदगी में फायर सेंसर सिस्टम के नीचे धुआं कर जांच करते हुए।

### थाने का भी किया निरीक्षण

बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनके स्वास्थ्य, पोषण तथा सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तृप्ति श्योराण ने आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालयों, अस्पताल तथा पुलिस थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इससे पहले उन्होंने उपायुक्त मनदीप कौर व पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी सहित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान आयोग की अध्यक्ष ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से जिला में बाल सुरक्षा तंत्र को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सकारात्मक सुझाव एवं सहयोग का आश्वासन दिया गया। बैठक के बाद वे आंगनबाड़ी सह-क्रैच केंद्र पहुंचीं, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने प्ले स्कूल का निरीक्षण किया। कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्होंने बच्चों को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पॉक्सो अधिनियम से संबंधित प्रश्न पूछे तथा बाल संरक्षण विषय पर चर्चा की।

# 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने पर किया सम्मानित


चरखीदादरी। भाजपा जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

- सुनील इंजीनियर और जिला प्रभारी महेश चौहान को सीएम ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

गुरुग्राम स्थित भाजपा के गुरुकमल प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रदेश कार्यशाला के दौरान संगठनात्मक कार्यों में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर भाजपा जिला चरखी दादरी के जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर और जिला प्रभारी महेश चौहान को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने सम्मानित किया।

यह सम्मान भाजपा जिला चरखी दादरी के बूथ कार्यकर्ताओं, शक्ति केंद्र संयोजकों, मंडल अध्यक्षों, विभिन्न मोर्चों, सोशल मीडिया एवं आईटी टीम, जिला पदाधिकारियों और सभी कार्यकर्ताओं की सामूहिक मेहनत, अनुशासन तथा संगठन के प्रति समर्पण का प्रतीक माना गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर ने इस उपलब्धि का श्रेय जिले के सभी कार्यकर्ताओं को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## प्रेमनगर में सीबीएलयू के बाहर जारी धरने को कांग्रेस ने दिया समर्थन

**भिवानी।** कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों और मजदूरों की आवाज उठाती रही है और गांव प्रेमनगर के ग्रामीणों का चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय पर जारी धरना पूरी तरह से न्यायसंगत है। कांग्रेस इस संघर्ष में ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, ये बात कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने शुक्रवार को गांव प्रेमनगर में चल रहे धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही।

धरनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कांग्रेस शहरी जिला प्रधान प्रदीप गुलिया जोगी ने कहा कि यह अत्यंत शर्मनाक बात है कि गांव प्रेमनगर की पंचायत द्वारा विश्वविद्यालय के लिए 131 एकड़ जमीन निःशुल्क हरियाणा सरकार को दी गई थी।

इसके बावजूद ग्रामीणों व युवाओं को विश्वविद्यालय की नौकरियों में आरक्षण नहीं दिया जा रहा। अपनी जायज मांगों को लेकर ग्रामीण पिछले छह वर्षों से धरने पर बैठने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही।

# नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर लक्की को किया सम्मानित


चरखीदादरी। लक्की गर्ग को सम्मानित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर।

- 611 अंक प्राप्त करते हुए ऑल इंडिया रैंक 6964 हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

भाजपा दादरी जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर ने स्थानीय बधवाना गेट क्षेत्र निवासी कुमारी लक्की गर्ग के निवास पर पहुंचकर उन्हें नीट-2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। लक्की गर्ग ने 720 में से 611 अंक प्राप्त करते हुए ऑल इंडिया रैंक 6964 हासिल की है। इस अवसर पर उन्होंने लक्की गर्ग तथा उनके माता-पिता सुनील गर्ग और सरोज गर्ग को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुनील इंजीनियर ने कहा कि सपनों को साकार करने की दिशा में कठिन परिश्रम, अनुशासन और अटूट दृढ़ संकल्प सबसे महत्वपूर्ण आधार होते हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि लक्की गर्ग की सफलता वर्षों की मेहनत, समर्पण और परिवार के सतत सहयोग का परिणाम है। उन्होंने मिठाई खिलाकर इस उपलब्धि की खुशी साझा की और कहा कि यह सफलता पूरे चरखी दादरी जिले तथा समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

## सुंदर नहर में 15 दिन पानी और पूरा पानी चलाने को लेकर धरना जारी

**बवानीखेड़ा।** सुंदर नहर में 15 दिन पानी चलाने के लिए धरना 28वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सतबीर फौजी ने की। धरने को मजबूती देने के लिए जमालपुर-1 की पंचायत जयबीर श्योराण व सतबीर सरपंच, सूबेदार नम्बरदार व जय भगवान ढुल आदि शामिल हुए और अपनी तरफ से पन मन धन से सहयोग से मदद करने का भरोसा दिलाया। हवासिंह सांगवान सहित सभी लोगो ने कहा कि सुंदर नहर के साथ सरकार भेदभावपूर्ण व्यवहार कर रही है, आज भी यमुना नदी में पूरा पानी होते हुए हमारी नहर की बारी होते हुए रोड जाम जो बास गांव द्वारा किया गया तब जाकर सुंदर नहर में पानी छोड़ा गया जबकि 23-726 सुंदर नहर की बारी शुरू है। इसलिए हम इस बात के लिए धरने पर बैठे कि हमारी सुंदर नहर को सप्ताह तक पूरा पानी चलाया जाये। गांव जमालपुर 1व 2 के मौजूद लोगों ने कहा कि अब एक बार दोबारा आस के गांवो में जाकर लोगों को सुंदर नहर में पुरा पानी की मांग को लेकर धरने में आने के लिए और आगे की कार्रवाई के लिए व धरने को मजबूत करने के लिए जमालपुर धरने आने के लिए किसान व मजदूरों से अपील करेंगें। धरने पर जगबीर श्योराण, धर्मवीर, रोहतास मेम्बर, रेसिंग नेहरा, दीपक नेहरा,रोहतास सांगवान आदि मौजूद रहे।


बवानीखेड़ा। गांव जमालपुर में चल रहे धरने में मौजूद किसान। फोटो : हरिभूमि

# फर्स्ट स्टेयर प्ले स्कूल में पहुंची आयोग चेयरपर्सन

- शैक्षणिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण ने शुक्रवार को दादरी स्थित फर्स्ट स्टेयर प्ले स्कूल का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद किया, कविताएं सुनीं और विद्यालय की प्रत्येक कक्षा का भ्रमण किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति का साहस और अच्छे नागरिक बनने के संस्कार देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों पर पढ़ाई का अनावश्यक बोझ डालने की बजाय खेल-खेल में सीखने की पद्धति को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। विद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक समिति की ओर से बलराज फौगाट, रजत फौगाट, डॉ. अस्मिता फौगाट और वंदना शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। आयोग की टीम ने विद्यालय के आवश्यक दस्तावेजों का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कुछ उपयोगी सुझाव भी दिए।


चरखीदादरी। फर्स्ट स्टेयर प्ले स्कूल में बच्चों के साथ तृप्ति श्योराण।

### बच्चों को गुड टच और बैड टच की जानकारी दें

तृप्ति श्योराण ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विद्यालयों में सुरक्षित वातावरण, सीसीटीवी, शिकायत पेटी, महिला शिक्षिकाओं की उपलब्धता तथा विभागीय नियमों के कड़ाई से पालन पर बल दिया। साथ ही बच्चों को उनकी आयु के अनुरूप गुड टच और बैड टच की जानकारी देने तथा शारीरिक दंड से पूरी तरह परहेज करने की बात कही। इस अवसर पर डीसीपीओ नीलकमल, डीपीओ सुशीला रानी, महिला थाना एसएचओ सोनिया, सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन हनवंत तंवर, अर्चना सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।


भिवानी। कार्यक्रम में उपस्थित भाविप के पदाधिकारी, शिक्षक व छात्राएं।

## स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाई

**भिवानी।** जाटु लोहारी स्थित राजकीय कन्या वमा विद्यालय में भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्रांतिवीर चंद्रशेखर आजाद एवं महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर उन्हें नमन किया। शाखा अध्यक्ष कमल नयन वशिष्ठ ने मुख्य वक्ता डॉ. रवि प्रकाश, प्राचार्या पुष्पा जोशी, परिषद के सदस्यों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा भारत की सांस्कृतिक विरासत से उन्हें अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा भारत माता, स्वामी विवेकानंद, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के चित्रों के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया। प्रबुद्धजनों द्वारा गाए वंदे मातरम के सुमधुर गायन से पूरा प्रांगण देशभक्ति के ओजस्वी वातावरण से गुंजायमान हो उठा।

## खबर संक्षेप



### श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण की लीलाओं ने मोहा

**भिवानी।** कुंगड़िया मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास डॉ. विनय मिश्रा ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं, भक्त प्रह्लाद के अटूट विश्वास तथा भगवान के भक्तवत्सल स्वरूप का भावपूर्ण वर्णन सुनाया। श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य, प्रेम, सेवा और भक्ति का मार्ग दिखाने वाला दिव्य ज्ञान है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह आज दादरी में

**चरखी दादरी।** जिला कांग्रेस कमेटी दादरी के अध्यक्ष सुशील ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह 25 जुलाई शनिवार को सुबह साढ़े 11 बजे दादरी के किला मैदान में चल रहे शिक्षा बचाओ आंदोलन के धरने पर पहुंचकर समर्थन देंगे तथा आंदोलनरत छात्रों, युवाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से संवाद करेंगे। 12 बजे राजीव गांधी पंचायती राज संगठन द्वारा आयोजित सर्वोदय संकल्प शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा स्थित डेरा बाबा रामरूप में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। 22 जुलाई से प्रारंभ हुई यह धार्मिक कथा 28 जुलाई तक चलेगी। कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### 26 को अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का मेला

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के तहत आगामी 26 जुलाई रविवार को जिला चरखी दादरी में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना 2.0 के अंतर्गत एक लाभार्थी मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला सुबह 9 बजे से स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में शुरू होगा। इस विशेष मेले के लिए जिला चरखी दादरी के 3086 लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें विभिन्न सरकारी विभागों की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया जाएगा।

### हरियाली का संदेश देगा पंजाबी सभा का अभियान

**चरखी दादरी।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पंजाबी सभा आदर्श धर्मशाला, चरखी दादरी की ओर से रविवार, 26 जुलाई को शहर में 101 पौधों का पौधरोपण किया जाएगा। यह अभियान सभा के प्रधान साहिल चराया के नेतृत्व में रामबाग (शहर) सहित विभिन्न मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित होगा। सभा के मीडिया प्रभारी कमल तनेजा ने बताया कि विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएंगे।

## ग्रामीणों ने विभाग व पंचायत से स्थायी समाधान की मांग की

# गांव जेवली के मुख्य मार्ग पर भरा बरसाती पानी, आवागमन बाधित

- सड़क क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों और राहगीरों पर मंडरा रहा हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

गांव जेवली के मुख्य मार्ग पर करीब दो फीट तक बरसाती पानी भर जाने से ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। सड़क पर जलभराव होने से लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीण पवन, विनोद, सुरेंद्र, रामपाल, रिंकू, बिंद्र, सतीस, रोहित, सूरत व राजपाल ने बताया कि बरसात के बाद पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से हर वर्ष यही स्थिति बन जाती है। जलभराव के कारण स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार लोगों को घुटनों तक पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या की जानकारी कई बार संबंधित विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों को दी जा चुकी है, लेकिन आज तक स्थायी समाधान नहीं हुआ। बारिश के दौरान हालात और अधिक खराब हो जाते हैं तथा लोगों को गांव से बाहर निकलने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



बाढ़ड़ा। गांव जेवली में मेन रास्ते में भरा दो फीट पानी में खड़े होकर रोष जताते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि



बाढ़ड़ा। गांव जेवली के रास्ते में बरसाती पानी भरा होने पर पानी से गुजरते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मुख्य रास्ते पर भरे बरसाती पानी की तत्काल निकासी कराई जाए तथा स्थायी जल निकासी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि भविष्य में लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। गांव जेवली के मुख्य रास्ते पर करीब दो फीट तक बरसाती पानी भर गया है। जलभराव के कारण पैदल राहगीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई वाहन पानी में फंस रहे हैं और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग के प्रति नाराजगी जताई और कहा कि बरसाती पानी की निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने से हर वर्ष यही समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने जल्द जल निकासी की व्यवस्था करवाने और स्थायी समाधान करवाने की मांग की, ताकि लोगों को बार-बार परेशानी का सामना न करना पड़े।

## खंड स्तरीय खेलकूद स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, अमन ने जीती 400 मीटर दौड़

- आयुवर्ग-11 की 400 मीटर दौड़ में मेगा माइंड स्कूल के अमन ने प्रथम स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

सुरेंद्र सिंह खेल स्टेडियम में आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आयुवर्ग-11 की 400 मीटर दौड़ में मेगा माइंड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के धावक अमन ने प्रथम स्थान हासिल किया। होली फेथ विद्यालय कतवार के अभिज्ञान ने दूसरा और डॉ. पीएस मेमोरियल विद्यालय मिरान के योगेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।आयुवर्ग-14 वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आरएसबीएम विद्यालय ईशरवाल की टीम विजेता रही, जबकि एएमएस आलमपुर की टीम दूसरे स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में वीएसएच बुशान के सनी कुमार प्रथम, जी पब्लिक स्कूल मिरान के कार्तिक द्वितीय और सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दांग खुर्द के हेमंत तृतीय रहे।100 मीटर दौड़ में जी पब्लिक स्कूल मिरान के कार्तिक ने बाजी मारी, जबकि मेगा माइंड विद्यालय तोशाम के राहुल ने दूसरा स्थान हासिल किया। शतरंज आयुवर्ग-11 में डीबीएम विद्यालय दूल्हेड़ी के देव प्रताप प्रथम और मयंक द्वितीय रहे।कुश्ती आयुवर्ग-14 के 62 किलोग्राम भारवर्ग में संत रोशनलाल विद्या मंदिर ढाणीमाहू के मयंक विजेता बने। 35 किलोग्राम भारवर्ग में राजकीय वर्मा विद्यालय सागवान के सहदेव प्रथम और बीआर विद्यालय थीलोड़ के मानव द्वितीय रहे।



तोशाम। शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में पात्रों को मिलेगा योजनाओं का मौके पर ही लाभ: एडीसी

- एडीसी करवा ने 26 को पंचायत भवन में लगने वाले परिवार उत्थान मेले की तैयारियों की समीक्षा

**भिवानी।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार और डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में स्थानीय पंचायत भवन में 26 जुलाई को भिवानी विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले को लेकर एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीसी ने कहा कि इस मेले में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के पात्र लोगों को मौके पर ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा पात्र लोगों के आवेदन करवाएं जाएंगे।

### पात्रता के अनुरूप लाभ दिलवाएं

एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मेले में शामिल होने वाले लोगों को उनकी इच्छा व पात्रता के अनुरूप लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। बैठक में एडीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेले का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोडना है। उन्होंने बताया कि मेले में 19 विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे। मेले में एक लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को फोन से सूचना देकर बुलाया गया है। मेले में सबसे पहले लाभार्थियों का स्वागत वेलकम डेस्क पर किया जाएगा। इसके बाद काउंसलिंग टीम के सदस्य उनसे संपर्क कर उनकी आवश्यकता के अनुसार संबंधित योजना के काउंटर तक पहुंचाएंगे। यदि किसी लाभार्थी के दस्तावेज अधूरे होंगे तो उन्हें आवश्यक दस्तावेज मौके पर उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## लिटल हार्टस स्कूल के छात्रों ने धरती एवं पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**भिवानी।** लिटल हार्टस पब्लिक स्कूल में सातवी कक्षा के विद्यार्थियों की विशेष सभा का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने पेड़ लगाओ, जल बचाओ, धरती व पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि बच्चों द्वारा नृत्य, संगीत, भाषण गतिविधि व पर्यावरण संबंधी लघु नाटिका का आयोजन किया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पर्यावरण, भूमि व जल संरक्षण के संदेश दिए। उन्होंने बताया कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों का पर्यावरण के प्रति लगाव उत्पन्न होता है जिससे वे अपने आस-पास का वातावरण स्वच्छ रख सके व धरती को प्रदुषण संबंधी समस्याओं से बचाया जा सके। बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए विद्यालय की निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक राम सिंघल, राहुल गोयल, निश्चल गोयल, साक्षी गोयल व प्राचार्य दीपक जोशी, उप-प्राचार्य मनमोहन चावला ने उनकी प्रशंसा की व उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कोर्डिनेटर बबीता, सुशीला, गौरव, श्याम सुन्दर, आरती शर्मा, मंजु रानी व रेणु रानी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## 15 दिनों में अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बना पेंडेंसी करें शून्य: एडीसी करवा

- गांवों में मुनादी कर पात्रों तक पहुंचाएं योजना की जानकारी समन्वय से करें लक्ष्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन को लेकर 15 जुलाई से 14 सितंबर चलाए जाने वाले विशेष अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीसी ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत, सीएससी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 दिनों में अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाकर जिले की पेंडेंसी को शून्य किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा करें।

एडीसी ने पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव में मुनादी कराकर लोगों को विशेष अभियान की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक आयुष्मान कार्ड बनवा सकें। इसके साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को भी अपने-अपने क्षेत्रों में पात्र महिलाओं के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा जिले के सभी पीएचसी, सीएचसी, नागरिक अस्पतालों एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर उपलब्ध है।



भिवानी। डीआरडीए हॉल में आयुष्मान भारत योजना को दिशा निर्देश देते एडीसी दीपक बाबूलाल करवा। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### लंबित कार्य जल्द निपटाने के निर्देश: एसडीएम



**लोहारू।** एसडीएम मनोज दलाल ने शुक्रवार को स्थानीय कार्यालय में राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो और पटवारियों से कहा कि राजस्व संबंधी सभी कार्य निर्धारित अवधि में पूरे किए जाएं। कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसडीएम ने पटवारियों को लंबित इंतकाल तत्काल दर्ज करने, आधार सीडिंग, एग्री स्टैक, किसान आईडी और नए राजस्व पोर्टल पर पैमाइश संबंधी कार्य अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने चकबंदी अधिकारियों को भी सभी कार्य समयबद्ध पूरा करने को कहा। बैठक में तहसीलदार प्रियंका, नायब तहसीलदार अंकित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### वनवासी बच्चों व भाविप शाखा ने मनाई शहीद चंद्रशेखर आजाद व बाल गंगाधर तिलक की जयंती



**भिवानी।** भारत विकास परिषद की लाला लाजपत राय शाखा ने वनवासी कल्याण आश्रम में अमर स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती अत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई। विशेष कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने दोनों महान क्रांतिवीरों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण नमन किया। कार्यक्रम के पश्चात आश्रम में रह रहे बच्चों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में पहुंचे परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने वनवासी कल्याण आश्रम के बच्चों व उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए दोनों अमर नायकों के जीवन-वृत्त पर प्रकाश डाला।

### पेड़-पौधे प्रदूषण व आत्मज्ञान देता विकारों से मुक्ति



**भिवानी।** मुक्ति की युक्ति ट्रस्ट ने हरगुरु युगनायक सेठ महाराज के मार्गदर्शन में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम गांव कोंट स्थित शहीद राकेश कुमार राजकीय विद्यालय परिसर में हरित अभियान में भिवानी, झज्जर, खानपुर, आजाद नगर, बेरी और छुछकवास सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आए स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और दर्जनों फलदार व छायादार पौधें रोपे। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि पहुंचे गाजियाबाद से अशोक ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि ये प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

## राजस्व विभाग में किए गए डिजिटल बदलाव को करें लागू : उपायुक्त

- नया पोर्टल नागरिकों और विभागीय अधिकारियों के लिए एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में विकसित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त मनदीप कौर ने शुक्रवार को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर डिजिटल गवर्नेंस, भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण तथा नागरिक-केंद्रित सुधारों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व विभाग की प्रत्येक सेवा पारदर्शी, तकनीक आधारित और निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराई जाए ताकि नागरिकों को बिना किसी अनावश्यक देरी के सुगम सेवाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि शुरू किया गया नया पोर्टल नागरिकों और विभागीय अधिकारियों के लिए एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में विकसित किया गया है। इसके माध्यम से नागरिकों को ऑनलाइन राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पोर्टल में अधिकारियों के लिए सिंगल साइन-ऑन प्रणाली तथा सेवा वितरण एवं लंबित मामलों की रियल टाइम निगरानी के लिए एकीकृत डैशबोर्ड की सुविधा भी उपलब्ध है। उपायुक्त ने कहा कि नागरिकों की सुविधा के लिए सरल पोर्टल की लगभग 80 प्रतिशत सेवाओं को ऑटो अपील प्रणाली से जोड़ा जा चुका है ताकि निर्धारित समय से अधिक लंबित मामलों का स्वतः उच्च स्तर पर संज्ञान लिया जा सके और सेवाओं का समयबद्ध वितरण सुनिश्चित हो।



चरखी दादरी। राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करतीं उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

## मनाली एडवेंचर कैंप में हरियाणा की बेटियों ने फहराया तिरंगा

**चरखी दादरी।** हिमाचल प्रदेश के मनाली में आयोजित हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स हरियाणा के पांच दिवसीय राज्य स्तरीय महिला एडवेंचर कैंप में प्रदेशभर की छात्राओं ने साहस, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। शिविर में दादरी जिले के दल ने भी विशेष रूप से भागीदारी की। कैंप के दौरान प्रतिभागियों ने सिंकुला टॉप पर पहुंचकर भारत का तिरंगा और हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स का ध्वज फहराया। इस उपलब्धि में चरखी दादरी जिले से पहुंचे स्काउट्स एवं गाइड का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सुनीता श्योराण ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय शिविर में हरियाणा के सभी 23 जिलों से करीब 200 महिला गाइड प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें चरखी दादरी जिले से भी दो स्काउट्स व दो गाइड का चार सदस्यीय दल मनाली पहुंचा और राज्य स्तरीय शिविर में भागीदारी की। जिले से डीएस अमित जाखड़, डीटीसी सुनीता श्योराण, टीजीटी उषा सोनी, अटेला नया स्कूल से जेबीटी अध्यापक संजय कलकल ने शिविर में भागीदारी की। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को ट्रैकिंग, आत्मरक्षा, नेतृत्व विकास, टीम भावना और आपदा प्रबंधन जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। सिंकुला टॉप पर तिरंगा फहराने के बाद छात्राओं ने भारत माता की जय और जय हिंद के नारों के साथ देशभक्ति का संदेश दिया। कैंप के समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। जिले के दल में शामिल सुनीता श्योराण ने कहा कि शिविर में सीखे गए अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भाव को विद्यार्थियों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।



**प्रदर्शन** कॉलेज पहुंचने पर स्टाफ ने किया सम्मानित, दी बधाई

# बास्केटबॉल में सचिन ने जीता स्वर्ण चौ. बंसीलाल कॉलेज का बढ़ाया गौरव

सचिन अब तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में जीत चुके 30 से अधिक पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में संपन्न हुई 58वीं सीनियर स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्थानीय चौ बंसीलाल कॉलेज के खिलाड़ी सचिन कुमार ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रतिभा का परिचय दिया और महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। सतनाली के पथरवा गांव निवासी खिलाड़ी सचिन कुमार एमए अंग्रेजी विषय का छात्र है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दलजीत सिंह सहित पूरे स्टाफ ने खिलाड़ी को कॉलेज पहुंचने पर बधाई दी और उसकी इस उपलब्धि को कॉलेज और जिले का गौरव बताया। प्राचार्य डॉ. दलजीत सिंह ने सचिन को बधाई देते हुए कहा कि सचिन ने न केवल अपने गांव और जिले का बल्कि पूरे महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। वह पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। खेल प्रभारी डॉ. देवेन, अंग्रेजी विभाग के डॉ. वीरेंद्र सिंह तथा इतिहास विभाग के प्रोफेसर डॉ अनिरुद्ध पूनिया भी उपस्थित रहे। सभी ने सचिन को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि महाविद्यालय प्रशासन सदैव ऐसे प्रतिभावान खिलाडियों को प्रोत्साहित करता रहेगा। बता दें कि खिलाड़ी सचिन अब तक जिला, अंतर-महाविद्यालय, अंतर-विश्वविद्यालय, अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल, खेलो इंडिया गेम्स और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में 30 से अधिक पदक जीत चुके हैं। प्राचार्य डॉ. दलजीत सिंह सहित सभी नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। यूनिट के पूर्व प्रधान डॉ. सुखवीर सिंह, सचिव डॉ. अनिरुद्ध पूनिया तथा कोषाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार द्वारा अपना कार्यकाल पूर्ण किए जाने के उपरांत सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया।



लोहारू। खिलाड़ी सचिन कुमार को बधाई देते हुए प्राचार्य डॉ दलजीत सिंह व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## एससी-एसटी एक्ट के पात्र पीड़ितों को समय पर मिले राहत राशि

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज प्रत्येक पात्र मामले में पीड़ितों को नियमानुसार निर्धारित समयावधि में राहत राशि उपलब्ध कराना सभी संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब न हो तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ संवेदनशीलता और गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## रात्रि ठहराव में उठा दिव्यांग महिला की समस्या का समाधान, प्रशासन ने उपलब्ध कराई व्हीलचेयर



**चरखी दादरी।** रात्रि ठहराव कार्यक्रम के अंतर्गत गांव रावलधी में 22 जुलाई को आयोजित जनसंवाद के दौरान एक दिव्यांग महिला ने अपनी समस्या उपायुक्त मनदीप कौर के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि वह शारीरिक रूप से चलने-फिरने में असमर्थ हैं तथा बार-बार अस्पताल जाने और दैनिक कार्यों के लिए उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह स्वयं व्हीलचेयर खरीदने में भी सक्षम नहीं हैं। डीसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके मार्गदर्शन में रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव बलवान सिंह ने शुक्रवार को जरूरतमंद महिला को व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई। व्हीलचेयर मिलने पर लाभार्थी और उनके परिजनों ने उपायुक्त मनदीप कौर, रेड क्रॉस सोसायटी तथा प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब उन्हें दैनिक जीवन के कार्य करने में काफी सुविधा मिलेगी।

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

UPTO 80% OFF

# MONSOON Sale

18 July to 2 August

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
1LTR

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
1 LTR

ROHTAK | BAHADURGARH | JHAJJAR | GOHANA | KARNAL | HISAR | PANIPAT | BHIWANI

## BUY 1 GET 1 FREE

- REAL MASALA JUICE / COCONUT WATER 1LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- CHIPS — BUY 1 GET 1 FREE
- TOPS TOMATO KETCHUP 850G — BUY 1 GET 1 FREE
- GM POHA CLASSIC (500G) — BUY 1 GET 1 FREE
- MCCAIN 1.2KG — BUY 1 GET 1 FREE
- BREGANO PASTA ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- XCITE NOODLES (330 g) — BUY 1 GET 1 FREE
- BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG — BUY 1 GET 1 FREE
- NISHA NAMKEEN SELECTED VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- SATMOLA NAMKEEN — BUY 1 GET 1 FREE
- MULBERRY MUFFIN — BUY 1 GET 1 FREE
- VANDNAM BHOG SOOJI - MAIDA - DALIYA 500g — BUY 1 GET 1 FREE
- YUVAID SHARBAT — BUY 1 GET 1 FREE
- TOP / MOTHER PICKLE 950 GM — BUY 1 GET 1 FREE
- FRESCA JUICE 1LTR — BUY 1 GET 3 FREE
- MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
- FUNFOOD VEG MAYO SUPERLITE 800GM — BUY 1 GET 1 FREE
- MANGO SIP — BUY 1 GET 1 FREE
- PRABHAS GHEE — BUY 1 GET 1 FREE
- UNIBIC BISCUITS FAMILY PACK — BUY 1 GET 1 FREE
- KHADI INDIA ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- PATANJALI TOOTHPASTE 300 GM / 150GM — BUY 1 GET 1 FREE
- SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- VOOM MATIC LIQUID TOP LOAD & FRONT LOAD 2L — BUY 1 GET 1 FREE
- ARIEL COMPLETE DETERGENT POWDER 4 KG — BUY 1 GET 1 FREE
- K'TRIQ SELECTED VARIANT — BUY 1 GET 1 FREE
- PRO NATURE KABULI CHANA 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
- DEHAAT MAKHANA — BUY 1 GET 1 FREE
- EXO LIQUID DISHWASH GEL - 1.5L — BUY 1 GET 1 FREE
- CHINAR MAT Below MRP- ₹400 — STARTING FROM ₹99
- TRISHUL 5LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- IHP PRODUCTS — BUY 1 GET 1 FREE
- CLARET / KRESSA / KCO NAPKIN — BUY 1 GET 1 FREE
- MANIA JUICE 1.2 LTR — BUY 1 GET 3 FREE

## Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani.

CALL FOR OFFERS AND UPDATES +91 99960 31240

SCAN TO GET LOCATION

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

Payment Accepted

*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.